न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी नेहा छीपा (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 39 / 2025

उनवान

1. बाली पत्नी श्री रामा कीर नि0 कीरो की झौपडिया तह0 हमीरगढ, जिला भीलवाडा(राज.)
2. बद्री पुत्र रामा कीर नि0 कीरो की झौपडिया तह0 हमीरगढ, जिला भीलवाडा(राज.) मृतक के बजाय उनके विधिक वारीस–
   - 2/1 धर्मराम पुत्र श्री बद्री कीर नि0 कीरो की झौपडिया तह0 हमीरगढ, जिला भीलवाडा(राज.)
   - 2/2 रीना पुत्री श्री ब्रदी कीर नाबालिग जरिये प्राकृतिक संरक्षिका माता श्रीमती प्रेम देवी पत्नी श्री बद्री कीर नि0 कीरो की झौपडिया तह0 हमीरगढ, जिला भीलवाडा(राज.)
   - 2/3 श्रीमती प्रेम देवी पत्नी श्री बद्री कीर नि0 कीरो की झौपडिया तह0 हमीरगढ, जिला भीलवाडा(राज.)
3. एकलिंग पुत्र श्री रामा कीर नि0 कीरो की झौपडिया तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.) मृतक के बजाय उनके विधिक वारीस–
   - 3/1 चांदमल पुत्र श्री एकलिंग कीर नि0 कीरो की झौपडिया तह0 हमीरगढ, जिला भीलवाडा(राज.)
   - 3/2 पुजा पुत्री श्री एकलिंग कीर नि0 कीरो की झौपडिया तह0 हमीरगढ, जिला भीलवाडा(राज.)
4. कैलाश पुत्र रामा कीर नि0 कीरो की झौपडिया तह0 हमीरगढ, जिला भीलवाडा(राज.)

––प्रार्थीगण

बनाम

1. नन्द लाल पुत्र श्री भैरू कीर नि0 कीरो की झूपडिया तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
2. रामेश्वर पुत्र श्री भैरू कीर नि0 कीरो की झूपडिया तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
3. प्यारी बाई पत्नी श्री भैरू कीर नि0 कीरो की झूपडिया तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
4. राजकुमार पुत्र श्री सुमेर सिह नि0 रेल्वे स्टेशन हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
5. सम्पत कुमार पुत्र श्री सुमेर सिंह नि0 रेल्वे स्टेशन हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
6. भंवरी देवी पत्नी श्री सुमेर सिंह नि0 रेल्वे स्टेशन हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
7. मोहन लाल पुत्र श्री मांगू मीणा नि0 कीरो की झूपडिया तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
8. लालाराम पुत्र श्री मांगू मीणा नि0 कीरो की झूपडिया हाल नि0 पुलिस थाना कपासन तह0 कपासन जिला चितौडगढ(राज.)
9. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।

–––अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 06.05.2025

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भॅू–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 18.02.2025 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम हमीरगढ प.ह. हमीरगढ प्रथम भू.अ.नि. हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा के खाता संख्या 146 की आ.न. 1497 रकबा 0.6702 है0, कुल किता 01 कुल रकबा 0.6702 है0 भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 24.02.2025 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 लगायत 08 बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ (राज.)

ACE Scanner

–::आदेश::–

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि ग्राम हमीरगढ प.ह. **हमीरगढ प्रथम भू.अ.नि. हमीरगढ तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा के खाता संख्या 146 की** आ.न. **1497 रकबा 0.6702 है0, कुल किता 01 कुल रकबा 0.6702 है0 भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा मौका कमिश्नर फीस 500/–रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 06.05.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(नेहा छीपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ (राज.)

ACE Scanner